**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 26 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संविधान दिवस पर संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शिता प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहेगी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संविधान मानवीय गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है और देशवासियों को अधिकारों से सशक्त बनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान सभी नागरिकों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाता है और सभी को सलाह देता है कि वे इन कर्तव्यों को हमेशा पूरा करने का प्रयास करें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। श्री सिंह ने कहा कि संविधान दिवस सभी को उन दूरदर्शी लोगों की याद दिलाता है जिन्होंने भारत की नींव रखी और नागरिकों को राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करने के लिए मूल्य सौंपे।

**************************************************************************

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी आज संविधान दिवस पर संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा-

**************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर देश के नाम पत्र लिखकर 1949 में संविधान को ऐतिहासिक रूप से अंगीकार किए जाने का स्मरण किया है। राष्ट्र की प्रगति में संविधान की स्थायी भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि 2015 में सरकार ने इस पवित्र दस्तावेज़ के सम्मान में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखने और अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मज़बूत करने का भी आग्रह किया। संसद और संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे संविधान ने निम्न पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को सर्वोच्च स्तर पर राष्ट्र की सेवा करने के

लिए सशक्त बनाया है। उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर और कई प्रतिष्ठित महिला सदस्यों को याद किया जिनकी दूरदर्शिता ने संविधान को समृद्ध बनाया। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस वर्ष का संविधान दिवस विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सरदार वल्लभभाई पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ और श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत की वर्षगांठ के साथ है।

**********************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को कृतज्ञतापूर्वक याद करता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने नागरिको से सभी प्रकार के आतंकवाद का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और एक मजबूत तथा समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

**********************************************************************

आज संविधान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार संविधान की मूल भावना के अनुरूप अपनी नीतियों द्वारा प्रजातांत्रिक सिद्धांतों को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। विधानसभा पहुंचे मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण समेत कई कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र को मज़बूत और सशक्त बनाना संविधान की मूल भावना है।

**********************************************************************

पलवल सहकारी चीनी मिल का पिराई सत्र 28 नवंबर को शुरू किया जाएगा। चीनी मिल के प्रबंध निदेशक द्विजा ने बताया की पिराई सत्र का शुभारंभ केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री

कृषणपाल गुर्जर, हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविन्द शर्मा और खेल मंत्री द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मिल के सभी गन्ना खरीद केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं।

प्रबंध निदेशक द्विजा ने बताया कि मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों द्वारा 33 लाख 52 हज़ार क्विन्टल गन्ने की बॉन्डिंग करवाई गई है। इस तरह मिल को लगभग 28 लाख क्विंटल गन्ना मिलने की सम्भावना है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि सर्वप्रथम अगेती किस्म के पेडी का गन्ना खरीदा जाएगा, जिसके बाद मध्यम पेडी व पछेती किस्म की पेडी का गन्ना खरीदा जाएगा।

******************************************************************

राजस्थान में चल रहे खेलो इंडिया-विश्वविद्यालय खेलों के तीसरे दिन 12 पदक मुकाबले हो रहे हैं। इनमें तैराकी में सबसे अधिक सात पदक मुकाबले शामिल हैं।

कर्नाटक के जैन विश्वविद्यालय के एथलीटों ने अब तक उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे जैन विश्वविद्यालय आठ स्वर्ण और दो रजत सहित 14 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। अमृतसर का गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, चार स्वर्ण सहित नौ पदकों के साथ दूसरे स्थान पर तथा पंजाब का लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, तीन स्वर्ण सहित छह पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

******************************************************************